आवश्यक
नगरपालिका उप चुनाव, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - न.नि. 50-253/2016 - 25

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सचिव,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार।

पटना, दिनांक - 4.1.24

विषय : नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 — मतदान केन्द्र/मतगणना कक्ष के अंदर समाचार के कवरेज हेतु इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया से संबंधित कर्मियों को प्रवेश पत्र/प्राधिकार पत्र निर्गत करने के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 5868 दिनांक 08.12.2022 एवं पत्रांक 4256 दिनांक 15.12.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नगरपालिका उप निर्वाचन हेतु आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 4256 दिनांक 15.12.2023 द्वारा निदेश दिये गये हैं जिसके अनुसार **मतदान दिनांक 22.01.2024 एवं मतगणना दिनांक 24.01.2024** को निर्धारित है।

आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 5868 दिनांक 08.12.2022 द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के अवसर पर मतदान केन्द्र/मतगणना कक्ष के अन्दर समाचार के कवरेज हेतु इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया से संबंधित कर्मियों को प्रवेश पत्र/प्राधिकार पत्र निर्गत करने के संबंध में निदेश दिये गये थे। सुलभ सन्दर्भ हेतु पत्र संलग्न है। सन्दर्भित पत्र की कंडिका -5 के वाक्यांश - ``विभाग उन्हीं मिडिया कर्मी का नाम अग्रसारित करेगा जिनकी मौलिकता (Genuineness) के संबंध में वह आश्वस्त हो तथा वह पी.आई.पी. द्वारा मान्यता प्राप्त (Accredited) विभाग द्वारा प्राधिकार पत्र निर्गत किये जाने की अनुशंसा युक्तियुक्त संख्या के अधीन ही की जानी चाहिए" को क्षान्त समझा जाये।

वर्तमान में नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 सम्पन्न कराये जा रहे हैं। प्रासंगिक पत्र के आलोक में नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 के निमित्त भी प्रासंगिक पत्र द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के अवसर पर मतदान केन्द्र/मतगणना कक्ष के अन्दर समाचार के कवरेज हेतु इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया से संबंधित कर्मियों को प्रवेश पत्र/प्राधिकार पत्र निर्गत किये जायेंगे।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं कृत कार्रवाई से आयोग को अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,
04/01/24
सचिव।

3.1.24

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

ज्ञापांक -न.नि. 50-253/2016 – 25 पटना, दिनांक - 4.1.24

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित।

04/01/24
सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-188/2022 – 25 पटना, दिनांक – 4.1.24

प्रतिलिपि, जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) **पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/01/24
सचिव।

ज्ञापांक -न.नि. 50-253/2016 – 25 पटना, दिनांक – 4.1.24

प्रतिलिपि, प्रमंडलीय आयुक्त, **पटना, मगध (गया), सारण, तिरहुत (मुजफ्फरपुर), दरभंगा, कोशी (सहरसा) एवं पूर्णियाँ** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/01/24
सचिव।

ज्ञापांक -न.नि. 50-253/2016 – 25 पटना, दिनांक – 4.1.24

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/01/24
सचिव।